## Headline

- **Atiq Ahmed: अपहरण केस में दोष साबित हुआ तो अतीक आजीवन जेल में रहेगा, 102 केस दर्ज, पहली बार होगी सजा!**
- **G-20 Summit: अरुणाचल प्रदेश में जी-20 की बैठक से चीन का किनारा, श्रीनगर बैठक का भी विरोध**
- **US: अमेरिका के कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे में फायरिंग, तीन लोगों के बीच हुई गोलीबारी में दो गंभीर रूप से घायल**
- **Pakistan: रमजान में बढ़ती महंगाई से बेहाल पाकिस्तानी जनता, आटा 120 फीसदी तो प्याज 228 फीसदी हुई महंगी**
- **Pakistan: 'या तो इमरान खान मारे जाएंगे या...', पाकिस्तान के मंत्री का बड़ा बयान, पूर्व PM के लिए कह दी ये बात**
- **Jharkhand: पैदा होते ही नवजात बच्चे को मां ने एक लाख में बेचा, पुलिस ने पांच महिलाओं समेत 11 को पकड़ा**
- **Rahul Gandhi: राहुल गांधी मामले के बाद पवन खेड़ा ने पुराने ट्वीट पर मांगी माफी, बोले- हम संघर्ष करते रहेंगे**

जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।

मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू


# दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 256 | इंदौर, सोमवार 27 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# नड्डा बोले- कांग्रेस का मतलब करप्शन, कमीशन और डिवीजन

## कहा-ये अति पिछड़ों को जाति सूचक गाली देते हैं और माफी नहीं मांगते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं को अहंकार में डूबा बताया। उन्होंने कहा कि इनके नेता अति पिछड़ों को जाति सूचक गाली देते हैं और फिर माफी भी नहीं मांगते। इनके लिए अहंकार बड़ा हो गया और समझदारी छोटी। उन्होंने कांग्रेस का मतलब करप्शन, कमीशन, डिवीजन, भाई-भजीतावाद, परिवारवाद बताया। जबकि भाजपा का मतलब मिशन, समाज सेवा, महिला और समाज का सशक्तिकरण तथा रिपोर्ट कार्ड की संस्कृति है, जो कहा वो किया, जो कहेंगे वो करके दिखाएंगे।




जेपी नड्डा ने भोपाल में बीजेपी के नए प्रदेश कार्यालय के लिए भूमिपूजन किया। इसके बाद मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में बीजेपी के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी सरकार और शिवराज सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाईं। कार्यकर्ताओं से कहा कि ये बातें वो जनता के बीच जाकर बताएं। आप तर्कों और मुद्दों के आधार पर जनता के बीच जाएं। ये गला खराब करने का नहीं, विरोधियों की हालत खराब करने का समय है। बता दें, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष का स्पीच के बीच गला बैठ गया था। तब शिवराज ने उन्हें पानी दिया था।

### ● रस्सी जल गई लेकिन बल नहीं गया

जेपी नड्डा ने राहुल गांधी के समर्थन में सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग सत्याग्रह कर रहे हैं। सत्याग्रह तो महात्मा गांधी ने किया था, भारत के सम्मान के लिए, भारत की अस्मिता के लिए, भारत में भारतीयता का राज हो इसके लिए। आप किस बात का सत्याग्रह कर रहे हो। जाति सूचक गाली देते हो। कोर्ट कहता है माफी मांगो। आपका अहंकार है, आप माफी नहीं मांगते हो। रस्सी जल गई बल नहीं गया, अहंकार नहीं गया। कहते हैं मैं किसी से नहीं डरता, अरे भाई संविधान और कानून से तो डरो, लेकिन नहीं। सत्याग्रह करने चले। देश इनको कभी माफ नहीं करेगा।

### ● विरोधी भी हमसे टकराने में असमर्थ महसूस करते हैं

जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 में जब मोदी जी को संसदीय दल का नेता चुना गया था। तब वो पार्टी दफ्तर आए थे। उन्होंने पूछा था कि कहां-कहां पार्टी कार्यालय हैं। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर जिले में पार्टी का एक अच्छा कार्यालय बने। आज की स्थिति में 290 दफ्तर बन चुके हैं। 115 बन रहे हैं। 123 कार्यालय के लिए जमीन ले ली गई है। जल्द कार्य शुरू होगा। भोपाल में बन रहा कार्यालय मोस्ट मॉर्डन कार्यालय होगा। बीजेपी का ऑफिस, ऑफिस नहीं, कार्यालय है, ये संस्कार केंद्र है, यहां कार्यकर्ता संस्कार लेता है। आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। हम कार्यकर्ता सम्मेलन भी करते हैं तो वो जनसभा बन जाती है। ये हमारी ताकत है। अब तो विरोधी भी हमसे टकराने में असमर्थ महसूस करते हैं, यह भारतीय जनता पार्टी की ताकत है।

### ● पाकिस्तान वाले भी कह रहे हैं हमारे यहां मोदी होता : शिवराज

नर्मदापुरम-भोपाल संभागीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में CM शिवराज ने कहा, आज नड्डा जी शंख फूंकने आए हैं। जब कोविड था और लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे, तब नड्डा जी ने बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं को सेवा में लगाया। नॉर्थ ईस्ट में एकतरफा जीत दिलाई। मध्यप्रदेश के जमाई नड्डा जी का स्वागत है। पीएम की तारीफ में कहा- हम ऐसे युग में पैदा हुए, जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। एक जमाना था, जब पिद्दी देश हमें आंख दिखाते थे, मोदी जी के पीएम बनने के बाद वैभवशाली भारत बना है। आज तो पाकिस्तान वाले भी कह रहे हैं कि या अल्लाह हमारे पास भी नरेंद्र मोदी होता। कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा- बेईमान कमलनाथ ने हमारी सारी जनकल्याण की योजनाएं बंद कर दी थीं।

### ● कोर ग्रुप में आगामी चुनाव की रणनीति पर मंथन

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के बाद बीजेपी दफ्तर में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक हुई है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि भाजपा कार्यालय निर्माण के लिए कार्यकर्ताओं से सहयोग लेंगे। कोर ग्रुप में आगामी चुनावों को लेकर प्रभावी रणनीति बनाने पर मंथन भी हुआ।

# महायज्ञ की परिक्रमा में रविवार को उमड़ा भक्तों का सैलाब

## दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' में आज शामिल होंगे श्रीश्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक पर चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव में श्रीराम जानकी सर्व विजय महायज्ञ की यज्ञशाला में रविवार को भी परिक्रमा करने वाले और राम दरबार के दर्शनार्थ सुबह से देर रात तक भक्तों का मेला जुटा रहा। इनमें नेत्रहीन, दिव्यांग, मूक-बधिर लोग भी शामिल हुए, वहीं राम दरबार के दर्शन एवं आरती के लिए तो भक्तों में लगातार स्पर्धा रही। सोमवार को सुबह 9.30 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के सूत्रधार श्री श्री रविशंकर भी 'अवध लोक में पधारकर सबके राम आयोजन को सार्थक बनाएंगे।



सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीराम जानकी सर्वविजय रविवार दोपहर तेज धूप एवं गर्मी के बावजूद परिक्रमा करने वाले भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। यज्ञशाला के चारों ओर कारपेट बिछाया गया है। यज्ञशाला के बाहर गोमाता की सेवा के लिए भी व्यवस्था रखी गई है। बड़ी संख्या में यज्ञ में शामिल युगल यहां आकर गोसेवा का पुण्य लाभ भी उठा रहे हैं।

आज रामलला के मंदिर की प्रतिकृति में विराजित राम दरबार के दर्शनार्थ भक्तों का मेला सुबह से देर रात तक लगा रहा। सुबह की आरती में भी दस हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, वहीं संध्या आरती में तो 20 से 25 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। आरंभ कत्थक स्टूडियो की दमयंती भाटिया मिरदवाल ने संध्या को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कत्थक नृत्य के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव विभोर बनाए रखा। सोमवार को यहां रात 8 बजे से विभावरी नृत्य शाला की पूर्वा पांडे द्वारा भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# ललिता पंचमी पर में ललिता सहस्त्रार्चन से विशेष आहुतियां

## विद्याधाम में अब तक 31 हजार आहुतियां संपन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री श्रीविद्याधाम पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव में रविवार को ललिता पंचमी के उपलक्ष्य में सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में ललिता सहस्त्रार्चन से विशेष आहुतियां समर्पित की गई। महायज्ञ में अब तक 31 हजार आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं। आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि ललिता पंचमी पर महायज्ञ में ललिता सहस्त्र नामावली द्वारा स्वाहाकार की मंगल ध्वनि के बीच मालपुए, खीरान, गन्ना, त्रिमधु, पान, शहद एवं मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की गई। महा अष्टमी एवं राम नवमी पर भी विशेष आहुतियां समर्पित होंगी। महायज्ञ की पूर्णाहुति राम नवमी 30 मार्च को सग्रहमख श्रीराम यज्ञ के साथ होगी। राम जन्मोत्सव 30 मार्च को दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा।

# पंचकुंडीय महायज्ञ में 75 हजार आहुतियां पूर्ण



## ● संगमननगर में पांच दिनों में गूंज रहे दुर्गा सप्तशति के महामंत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संगमनगर स्थित श्री दुर्गा गणेश मंदिर पर चैत्र नवरात्रि में चल रहे पंचकुंडीय चंडी महायज्ञ में रविवार को 75 हजार आहुतियां पूर्ण हो गई। 11 विद्वानों के सान्निध्य में दो सत्रों में 21 यजमान दुर्गासप्तशति के महामंत्रों से आहुतियां प्रदान कर रहे हैं। देवी को खीर, हलवा और मालपुए की विशेष आहुतियां भी दी गई। महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां दी जाएंगी। पूर्णाहुति 31 मार्च को होंगी। विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष और प्रमुख यजमान पं. योगेन्द्र महंत ने बताया आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक के निर्देशन में यह महायज्ञ चल रहा है। महायज्ञ में सांसद शंकर लालवानी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गोविंदसिंह पंवार आदि विशेष रूप से शामिल हुए। इससे पूर्व श्रीपंचमी पर विशेष पूजन किया गया। मंडल पूजन के बाद यज्ञ शुरू हुआ। दो सत्रों में दुर्गासप्तशति के सिद्ध मंत्र, नवार्ण मंत्र के साथ आहुतियां दी जा रही है। महाअष्टमी और महानवमी पर विशेष पूजन होगा। साथ ही देवी की प्रसन्नता के लिए विविध हवनीय पदार्थों से विशेष आहुतियां समर्पित की जाएंगी। महायज्ञ सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक चल रहा है।

## हनुमान प्राकट्य में शामिल होंगे रामनरेशाचार्यजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** श्रीमठ काशी पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामनरेशाचार्य महाराज के सानिध्य में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक गीता भवन पर हनुमान प्राकट्य महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें अनेक जाने-माने संत-विद्वान शामिल होंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन ने बताया कि इस दौरान प्रतिदिन सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक श्रीराम एवं हनुमानजी का अभिषेक, पूजन, 9 से 10 बजे तक आचार्यश्री के पूजन, 11 से 12 बजे तक आध्यात्मिक शंका समाधान, दोपहर 3.30 से 6.30 बजे तक श्रीराम एवं हनुमंत कथा तथा सायं 6.30 से 7.30 बजे तक श्रीराम एवं हनुमानजी की महाआरती जैसे अनुष्ठान नियमित रूप से होंगे। प्रतिदिन श्रीराम एवं हनुमानजी का श्रृंगार कर महाभिषेक एवं पूजन होगा। सामूहिक महाआरती, स्तुति गान तथा बधाई गान के पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

# जिन्हें बहू के बजाय बेटी की जरूरत हो, वे ही सम्पर्क करें

## ● श्री सनाढ्य सभा के दसवें परिचय सम्मेलन में 155 रिश्ते तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिन्हें परिवार में बहू की नहीं, बेटी की जरूरत हो, वे ही मुझसे सम्पर्क करें... मुझे अपनी दो बेटियों और एक भतीजी के लिए उपयुक्त जीवन साथियों की तलाश है।**

श्री सनाढ्य सभा एवं सनाढ्य ब्राह्मण सभा के दसवें परिचय सम्मेलन में रविवार को शुभकारज गार्डन पर मंच से कुछ पालकों ने इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बेटियों या बहन के लिए जीवन साथी की की। इस




एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का शुभारंभ हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरण दास महाराज, पूर्व विधायक हरिचरण तिवारी, पं. पवनदास शर्मा एवं समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान परशुराम के जयघोष के बीच दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत सभा के अध्यक्ष पं. देवेन्द्र शर्मा, महासचिव पं. संजय जारोलिया, पं. अनिल शर्मा आदि ने किया। मातृ शक्ति की ओर से वंदना शर्मा, सुधा शर्मा, विनिता पाराशर ने अगवानी की। गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति के साथ शुरू हुए इस परिचय सम्मेलन का संचालन नीति दुबोलिया एवं वर्षा पाराशर ने किया। अतिथियों ने बहुरंगी परिचय पुस्तिका सनाढ्य संसार का लोकार्पण भी किया।

# कुमावत समाज सेवा समिति ने निकाला गणगौर चल समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कुमावत समाज सेवा समिति रामनगर मूसाखेड़ी द्वारा गणगौर पर रविवार को विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए।**

समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमावत और सचिव शिव कुमावत ने बताया कि 32 वर्षों से जारी गणगौर उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। कहते हैं कि माता पार्वती अपने पिताजी के निमंत्रण नहीं मिलने के बात से नाराज होकर जब सती हुई थी तब ज्वारे कि उत्पत्ति हुई थी, इसी की याद में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन ज्वारे बोये जाते हैं। तीज पर समिति द्वारा विशाल चल समारोह पालीवाल धर्मशाला से निकलकर पुराना टेंपो स्टैंड राम मंदिर मुसाखेड़ी होते हुए बजरंग धाम गणगौर घाट पहुंचा, यहां ज्वारे का विसर्जन कर प्रसाद वितरण किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं अपने सिर पर गणगौर लेकर चल रही थी, वहीं पुरुष अखाड़ों के रूप में शामिल हुए। समारोह में राम, हनुमान, गणेशजी, एवं राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियां आकर्षक का केंद्र रही।

समिति के प्रचारक रामेश्वर कुमावत टेलर के अनुसार चल समारोह में समिति सदस्यों के साथ विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद मलखान, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ललित कुमावत, संजय कुमावत, कैलाश कुमावत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# मिर्गी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास जारी रखें

## ● गीता भवन में पर्पल डे पर लगा शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सकारात्मक सोच होगी तभी मिर्गी के मरीज अपना मनोबल बनाकर रख सकेंगे। मिर्गी के बारे में जितनी भी भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करने के प्रयास भी निरंतर चलते रहना चाहिए।**

उक्त विचार इंदौर मिर्गी विशेषज्ञ एसो. समिति की सचिव डॉ. वी.वी. नाडकर्णी ने रविवार को गीता भवन में मिर्गी दिवस, पर्पल डे पर आयोजित रोग निदान शिविर में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री रामविलास राठी, एसो. के अध्यक्ष डॉ. वसंत डाकवाले एवं डॉ. पुरुषोत्तम वाघमारे के विशेष आतिथ्य में इस अवसर पर मिर्गी के करीब 70 मरीजों को औषधियां भी वितरित की गई। बड़ी संख्या में मिर्गी के मरीजों और उनके अभिभावकों ने इस शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर रिजवान एवं भूमिका दुबे ने मरीजों का परीक्षण कर वरिष्ठ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में आवश्यक औषधियां प्रदान की।

## पहली उड़ान से बाबा की चादर लेकर शिरडी गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से इंदौर से शिरडी की सीधी विमान सेवा शुरू हो गई। इसी फ्लाइट से केंद्रीय सांई सेवा समिति के महासचिव अशोक गोयल 30 मार्च रामनवमी पर निकलनेवाली भव्य शोभायात्रा का निमंत्रण बाबा लेकर चादर लेकर रवाना हुए। उनके साथ अन्य गणमान्य नागरिक भी थे।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



## MP के शिवपुरी में रुका माफिया अतीक का काफिला, मूंछों पर ताव दिया और बोला- मुझे कोई डर नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। उत्तर प्रदेश के माफिया डान अतीक अहमद का काफिला सोमवार सुबह मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा से गुजरा। यहां सुबह करीब 6:30 बजे अतीक अहमद को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वैन से वॉशरूम के लिए नीचे उतारा गया। इस दौरान अतीक ने मूंछ पर ताव दिया और पहले कुछ भी कहने से मना दिया। लेकिन जब उससे दोबारा पूछा गया कि जिस तरह की खबरें चल रही है क्या आपको डर लग रहा है तो उसने जवाब देते हुए कहा कि मुझे कोई डर नहीं लग रहा है। इसके बाद हाथ हिलाते हुए वह वैन की तरफ बढ़ गया।**

मध्यप्रदेश की सीमा की बात करें तो राजस्थान के कोटा होते हुए बारां जिले के बाद राजस्थान के आखरी बॉर्डर कस्वा थाने कस्बे को पार करते हुए मध्यप्रदेश की सीमा में दाखिल हुआ। मध्यप्रदेश की सीमा में लगभग अतीक अहमद को ले जाने वाला काफिला लगभग 130 किलोमीटर का सफर तय किया गया। शिवपुरी के करैरा और दिनारा कस्बे से सटे हुए फोरलेन से होते हुए यूपी के झांसी जिले में जाएगा। यह काफिला गुजरात से होकर राजस्थान, मध्यप्रदेश होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगा। यह काफिला गुजरात से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज तक लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

# आधे कपड़ों में बिजली कर्मचारियों के पीछे दौड़ी महिला



## कुर्की कर सामान ले जा रहे थे, जबकि कनेक्शन बहू के नाम; दो सस्पेंड, दो बर्खास्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आदेश पर सागर में बिजली विभाग के दो कर्मचारी निलंबित कर दिए गए हैं। उन पर डिपार्टमेंटल इंक्वायरी बैठाई गई है। दो आउटसोर्स कर्मचारियों को भी नौकरी से हटा दिया गया है। मामला महिला के साथ अभद्रता का है।**

बहू के नाम पर कनेक्शन का बिजली बिल बकाया होने पर कर्मचारी सास के घर के सामान की कुर्की कर ले जा रहे थे। इस समय महिला नहा रही थी। वह आधे कपड़ों में ही कर्मचारियों के पीछे दौड़ पड़ी और गाड़ी में लोड हो रहे अपने सामान को वापस लिया। महिला का किसी ने VIDEO बनाकर वायरल कर दिया। इस मामले में भी FIR हुई है।

### महिला बोली, कनेक्शन बहू के नाम पर, साथ नहीं रहते...

घटना सागर जिले के देवरी में शनिवार की है। इन दिनों जिले में बिजली बिल बकायादारों से बिजली कंपनी वसूली कर रही है। नोटिस जारी करने के बाद भी बिल जमा नहीं करने वालों के घर पहुंचकर सामान की कुर्की की जा रही है। देवरी के कौशल किशोर वार्ड में बिजली कंपनी के कर्मचारी बकाया बिजली बिल की वसूली करने के लिए पहुंचे थे। यहां रेखा अहिरवार के नाम पर 19 हजार 473 रुपए बिल बकाया है। नोटिस जारी करने के बाद भी बिल जमा नहीं कराने पर कंपनी के कर्मचारी उसकी सास के घर पहुंचे और पलंग समेत दूसरा सामान जब्त कर गाड़ी में रख लिया। सामान की कुर्की होते देख घर में नहा रही महिला आधे कपड़े पहने ही बाहर भागी। कर्मचारियों को सामान जब्त करने से रोका, लेकिन वे नहीं माने और सामान ले जाने लगे। इसके बाद महिला आधे कपड़े पहने ही उनके पीछे दौड़ी। वाहन के पास जाकर सामान वापस लिया। महिला ने बताया कि उसका बेटा और बहू उसे छोड़कर चले गए हैं। वे साथ नहीं रहते हैं। बिजली कनेक्शन बहू रेखा के नाम पर है। इसके बाद महिला का सामान मौके पर ही लौटा दिया गया।



### कंपनी की कार्रवाई शर्मशार करने वाली...

घटना का वीडियो सामने आया तो बिजली कंपनी की कार्रवाई का विरोध होने लगा। देवरी विधायक हर्ष यादव ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनी की इस तरह की कार्रवाई बेहद शर्मनाक है। कंपनी की ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगना चाहिए।

*करौली बाबा से समस्या निदान : 1 लाख 51 हजार खाते में ट्रांसफर किए*

# इलाज के नाम पर थानेदार को ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। मध्यप्रदेश के छतरपुर शहर के रहने वाले एक रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर ने कानपुर के प्रसिद्ध करौली आश्रम के बाबा संतोष भदौरिया पर जालसाजी कर ठगी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। रिटायर्ड पुलिसकर्मी का आरोप है कि स्वयं उनकी व उनके घर वालों की बीमारियों को ठीक करने का बाबा ने दावा किया था और इसी झांसे में आकर उन्होंने एक लाख 51 हजार की राशि आश्रम के द्वारा दिए गए बैंक खाते में ट्रांसफर करवाई थी, और उसके बाद 20 मार्च को आश्रम में हवन कराया गया। रिटायर्ड पुलिस ASI प्रकाश नारायण भट्ट का कहना है कि बाबा ने यह दावा किया था कि आपके परिवार के जितने लोग अलग-अलग बीमारियों , समस्याओं से परेशान हैं सभी लोग एक दिन के हवन, पूजन, अनुष्ठान में पूरी तरह से तत्काल ठीक हो जाएंगे।**

प्रकाश नारायण भट्ट का कहना है कि उनकी पत्नी अनीता भट्ट सहित परिवार के कुल छह सदस्य बाबा के आश्रम गए थे, निर्धारित दिन 20 मार्च को हवन हुआ, लेकिन हवन के उपरांत भी उन्हें या उनके परिवार के किसी भी सदस्य को जरा भी राहत नहीं मिली, जिसके बाद 22 मार्च को पुनः जब उनकी बाबा संतोष भदौरिया से मुलाकात हुई, और जब उन्होंने बाबा से बताया कि उन्हें कोई भी राहत नहीं मिली है, तो बाबा ने कहा कि सब ठीक है इसके बाद उन्होंने कहा कि 1% आराम नहीं है तो फिर बाबा ने कहा नहीं मिला आराम तो हो जायेगा और उन्हें उनके चेले/बाउंसरों ने उन्हें वहां से चलता कर दिया, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि बाबा के आस-पास कई बाउंसर तैनात रहते हैं, कोई भी ज्यादा बाबा से बातचीत या बहस नहीं कर सकता, करते हैं तो उनका बुरा हाल होता है। पूर्व में भी एक डॉक्टर ने जब बाबा से बहस की थी तो उसके साथ मार-पीट की अप्रिय घटना सामने आई थी।

बाबा की जालसाजी और ठगी का शिकार हुए प्रकाश नारायण भट्ट उनकी पत्नी और परिवार का आरोप है कि जनता को लूट-लूटकर बाबा के द्वारा अकूत संपत्ति बना ली गई है, कानपुर में कोई भी बाबा के खिलाफ एक्शन लेने को तैयार नहीं है। अगर कोई वहां मुंह खोलता भी है या विरोध का प्रयास करता है तो बाबा और उसके लोगों द्वारा उसका बुरा हाल कर दिया जाता है उसे मरवाया भी जा सकता है उसकी हत्या भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि इस तरह बाबा ने लोगों से ठगी कर करोड़ों रुपये लूटे हैं चीटिंग की है।



### छतरपुर में रिपोर्ट

वहीं, रिटायर्ड ASI का यह भी कहना है कि वह अब छतरपुर में बाबा के खिलाफ FIR दर्ज कराएंगे । वहां उनकी कोई सुनने वाला नहीं था बाबा उन्हें मरवा भी सकता था। इसलिए वहां शिकायत न करते हुए हम यहां अपने शहर में शिकायत कर रहे हैं। साथ ही बता रहे हैं कि वह खुद पुलिस में रहे हैं और कानून के जानकार भी हैं। इस सबके बावजूद भी शारीरिक और पारिवारिक परेशानियों के चलते वह पढ़े-लिखे होकर भी बाबा के झांसे में आ गए। और बाबा ने हमारे साथ ठगी कर लूट लिया।

### यूट्यूब और सोशल मीडिया से हुए आकर्षित

उन्होंने बाबा के यू-ट्यूब, सोशल मीडिया में वीडियो देखे थे, जिन्हें उन्होंने सच मान लिया। बाबा के कई वीडियो उन्होंने यूट्यूब पर देखे थे, जिसमें बाबा चमत्कार करने का दावा करता है, और इसी वजह से वह आश्रम गए और उसके बाद एक दिन के हवन के लिए एक लाख 51 हजार रुपये जमा कर दिए, और अब वह बता रहे हैं कि किस तरीके से बाबा ने उनके साथ ठगी की है। तो वहीं पुलिस इसके खिलाफ कानूनी रूप से एक्शन लेने की तैयारी कर रहे हैं।

# गोल इन साड़ी : ग्वालियर में महिलाओं का अनोखा फुटबॉल मैच

## रंग-बिरंगी साड़ियां पहनकर किक मारते नजर आईं महिलाएं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। क्या आपने कभी खेल मैदान में महिलाओं को साड़ी पहनकर खेलते देखा है। खेल भी फुटबॉल। ग्वालियर में ऐसा ही नजारा दिखा। महिलाओं ने साड़ी पहनकर खूब दौड़ लगाई, किसी ने फुटबॉल को जमकर किक मारी, गोल किया, तो किसी ने गोल होने से बचाया। फुटबॉल की इन लेडी प्लेयर्स में 20 साल की उम्र से लेकर 70 साल तक की खिलाड़ी शामिल है। दरअसल ग्वालियर में 'गोल इन साड़ी' नाम से महिलाओं का फुटबॉल टूर्नामेंट चल रहा है। इस टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को एमएलबी ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने फुटबॉल में अपना हुनर दिखाया। ना किचन की टेंशन थी, ना ही उम्र। बस एक ही गोल था... किसी तरह विरोधी टीम के पाले में जाकर गोल करना है।'गोल इन साड़ी' टैग लाइन वाले इस अनोखे फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 25 मार्च शनिवार को हुई थी। जिसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया। महिलाएं साड़ी पहनकर मैदान में उतरी हैं। महिलाओं ने कहा कि 'नारी साड़ी में भी भारी है'। रविवार दोपहर करीब 3 बजे फाइनल मुकाबला खेला गया।टूर्नामेंट के संयोजक अंजली बत्रा ने बताया कि महिलाओं ने ही इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी संभाली। पहले दिन 25 मार्च को 3 मैच हुए। इनमें पिंक, ब्लू और ऑरेंज टीमों ने शानदार जीत दर्ज की।

## संपादकीय

### बच्चों की खरीद-फरोख्त

मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बच्चा खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखंड, ओड़ीशा जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहद से गुजरना पड़ता है। सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक नहीं पहुंच पाती है। झारखंड के चतरा में जिस बच्चे को साढ़े चार लाख रुपए में बेचे जाने की खबर आई, उसमें मां के हाथ में एक लाख रुपए आए। बाकी के साढ़े तीन लाख रुपए बिचौलियों या दलालों के हाथ लगे। चूंकि इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई और समय रहते सक्रियता भी दिखी, इसलिए बच्चे को बरामद कर लिया गया और कई आरोपी पकड़े गए। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल थे, उससे साफ है कि इसे सोच-समझ कर अंजाम दिया गया। निश्चित रूप से इस मामले में मां की ममता कठघरे में है, मगर कई बार अपने ही बच्चे के बदले पैसा लेने की नौबत आने में हालात भी जिम्मेदार होते हैं। वरना अपने बच्चे का सौदा करना किसी मां के लिए इतना आसान नहीं होता है। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें बच्चे की बिक्री मां के हाथों ही होने की घटना सामने आई हो। झारखंड और ओड़ीशा के गरीब इलाकों से अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें कुछ हजार रुपए के लिए ही बच्चे को किसी के हवाले कर दिया जाता है। सवाल है कि बच्चे को बेचने के पीछे क्या कारण होते हैं, उनके खरीदार कौन होते हैं और ऐसी सौदेबाजी को आमतौर पर एक संगठित गतिविधि के रूप में क्यों अंजाम दिया जाता है। झारखंड की ताजा घटना में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थीं।

**Quote...**

"धन उपयोग के लिये है..
ना कि इकट्ठा करने के लिए..
पानी और धन रोकने से
गंदा हो जाता है..!"

## सैर सपाटा



# चामुंडा नंदिकेश्वर धाम को माना जाता है चमत्कारी, करें दर्शन

नवरात्रि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है। यह नौ दिवसीय पर्व है, जिसमें हर दिन नवदुर्गा की पूजा होती है। ऐसे में लोग घर पर पूजा करने के अलावा देवी के मंदिरों के दर्शन के लिए भी जाते हैं। भारत में कई प्राचीन और चमत्कारी दुर्गा मंदिर हैं। इन मंदिरों का बहुत महत्व है। नवरात्रि के मौके पर इन अद्भुत और चमत्कारी मंदिरों में भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर जाते हैं और मन्नत मांगते हैं। कहते हैं कि कई पवित्र मंदिरों में दर्शन और पूजा से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का समापन 31 मार्च को है। इस दिन रामनवमी है, साथ ही शुक्रवार। रामनवमी से वीकेंड शुरू हो रहे हैं। तीन दिन की छुट्टी है और अगर किसी प्रसिद्ध मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं तो इस वर्ष चामुंडा नंदिकेश्वर धाम के दर्शन करें। चामुंडा नंदिकेश्वर धाम हिमाचल प्रदेश में है। हिमाचल प्रदेश को देवों की भूमि कहा जाता है, जहां करीब 2000 से ज्यादा मंदिर हैं। पर्यटकों के लिए यहां के मंदिर आकर्षण का केंद्र हैं। नवरात्रि और राम नवमी की छुट्टी में आप हिमाचल प्रदेश में स्थित चामुण्डा देवी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहें हैं तो यहां जरूरी जानकारी दी जा रही है।

### ● कांगड़ा में स्थित चामुंडा नंदिकेश्वर धाम

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर स्थित है। यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। मान्यता है कि इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूरी होती है। इस मंदिर से शिव जी चामुण्डा देवी के साथ विराजमान हैं। इसी कारण चामुण्डा देवी मंदिर को चामुण्डा नंदिकेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है।

### ● चामुंडा देवी मंदिर से जुड़ी कथा

कहते हैं कि इसी स्थान पर देवी दुर्गा से राक्षस चंड-मुंड युद्ध करने आए थे। माता दुर्गा ने काली का रूप धारण करके राक्षसों का वध कर दिया था। हालांकि तब भी माता का क्रोध शांत न हुआ। इस पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का आह्वान किया। शिव जी मां चामुण्डा को शांत करने के लिए बच्चे के रूप में माता के सामने आ गए। माता ने क्रोध में उनपर विशाल पत्थर बरसाए, जो आज भी वहां मौजूद हैं। माता को जब पता चला कि बच्चे के रूप में भोलेनाथ हैं, तो उन्होंने शिवजी से क्षमा मांगी। तब से इस स्थान पर माता चामुण्डा के साथ भोलेनाथ भी विराजमान हैं।

### ● मंदिर है बहुत सुंदर

चामुंडा देवी मंदिर काफी बड़ा है। इसके पहले तल पर मां की भव्य प्रतिमा स्थापित है। वहीं मुख्य मंदिर के पीछे एक गुफा है, जहां भगवान शिव का मंदिर है। इस मंदिर में एक बार में एक ही भक्त प्रवेश कर सकता है। इसके अलावा मंदिर प्रांगण के आसपास छोटे-बड़े मंदिर हैं, जहां अलग अलग देवी देवताओं की पूजा होती है।

### ● कैसे पहुंचे चामुण्डा देवी मंदिर

मंदिर परिसर में बहुत सुंदर सरोवर है, जहां गंगा का स्वच्छ जल आता है। इस सरोवर में स्नान करना वर्जित है। इस सरोवर का जल पूजा-अर्चना के काम में ही उपयोग किया जाता है। दिल्ली से कांगड़ा के लिए नियमित बस चलती हैं। ट्रेन से भी हिमाचल धर्मशाला तक पहुंच सकते हैं। कांगड़ा या धर्मशाला से आप चामुंडा देवी मंदिर तक आसानी से टैक्सी से पहुंच सकते हैं।



## Highlights

1. **Collapsed Silicon Valley Bank sold to First Citizens Bank**
2. **Congress MPs wear black to Parliament to protest Rahul Gandhi's disqualification**
3. **Koshyari's remarks on Shivaji Maharaj not criminal offence: HC**
4. **Pic shows Bilkis Bano's rapist on stage with BJP MP, MLA at Gujarat govt event**
5. **Punjab CM increases compensation for crop loss for farmers by 25%**
6. **Borrowers must be heard before banks declare their accounts as fraud, rules SC**
7. **Jonathan Majors is entirely innocent: Lawyer on assault charges**

# New income tax regime, other rules to kick in from Apr 1: What taxpayers need to know

**NEW DELHI, (Agency).** As is the case with each financial year (FY), the upcoming FY (2023-24) will also begin on April 1. The announcements made by finance minister Nirmala Sitharaman in the annual Feb 1 budget, too, will come into effect as part of the new financial year. In Budget 2023, one of her announcements pertained to the old and new income tax regimes.

What did Sitharaman announce?

The minister announced changes to tax slabs under the new regime, adding, however, that taxpayers will still be able to select the regime under which they want to file their returns. In case no choice was made, the new tax regime will be default, she said.

What to know about the new tax rules?

Speaking to HT's sister publication Mint, Abhishek Soni, co-founder and CEO, Tax2Win, explained what citizens must know about the new tax rules. "As we usher in the new financial year, and bid farewell to FY 2022-23, we can expect some significant changes coming into effect from April 1, 2023. These changes will involve the




introduction of new rules or reforms to existing ones, as announced by the finance minister, in the Budget 2023," said Soni.

Here are a few things one must know about the new rules, as per Abhishek Soni:

(1.) The increase of basic exemption limit (from ₹2.5 lakh to ₹3 lakh) is to make the new regime more 'attractive.' The highest rate of 30% will be levied on annual salary of more than ₹15 lakh.

(2.) The surcharge rate has been reduced from 37% to 25% for those earning more than ₹5 crore annually. Under the new regime, however, this 25% rate is for individuals with yearly income exceeding ₹2 crore.

(3.) Individuals and Hindu Undivided Families (HUFs) can choose between the regimes in every FY (if there is no business income). For those with business income, on the other hand, there will be only one chance to return to the old regime, if they opted for the new one.

(4.) Section 87A rebate is available under both. Also, for those confused which one to opt for, the Income Tax Department has launched a 'calculator.'

(5.) Under a proposal to introduce a standard deduction in the new regime (no changes made for the old one), people will benefit from a standard deduction of ₹50,000.

# First Citizens inches closer to Silicon Valley Bank acquisition: Report

**NEW DELHI, (Agency).** First Citizens BancShares Inc. is in advanced talks to acquire Silicon Valley Bank after its collapse earlier this month, according to people familiar with the matter.

First Citizens could reach a deal soon to acquire Silicon Valley Bank from the Federal Deposit Insurance Corp., said the people, who asked to not be identified because the matter isn't public. No final decision has been made and talks could fall through, the people added.

A representative for the FDIC declined to comment. First Citizens didn't immediately respond to requests for comment.




Silicon Valley Bank became the biggest US lender to fail in more than a decade, unraveling in less than 48 hours after abandoning a plan to shore up capital. The bank took a huge loss on sales of its securities as interest rates climbed, unnerving investors and depositors who rapidly began pulling their money.

As of Friday, Raleigh, North Carolina-based First Citizens had a market value of $8.4 billion.

## Rajasthan

# जमवारामगढ़ के ताला गांव में हिंदू रणभेरी रैली पर पथराव, पुलिस के सामने ही करते रहे उपद्रव, 12 गिरफ्तार

**जयपुर,, (एजेंसी) हिन्दू रणभेरी बाइक रैली पर अचानक हुई पत्थरबाजी से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हालात तनावपूर्ण बन गए। रैली की सुरक्षा में तैनात पुलिस भी मौके पर कुछ नहीं कर पाई, क्योंकि उपद्रवियों की भीड़ काफी ज्यादा थी। वीडियो में पुलिस के सामने ही कई उपद्रवी पत्थरबाज हिन्दू रैली पर पत्थर फेंकते नजर आए। चिंता की बात यह है कि इनमें कई बच्चे भी शामिल थे। घटना के बाद पुलिस ने बड़ी संख्या में फोर्स बुलवाकर उपद्रवियों को खदेड़ा। पुलिस ने 12 से ज्यादा युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।**

जयपुर ग्रामीण पुलिस एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू रणभेरी बाइक रैली रविवार सुबह करीब सवा 10 बजे खेल मैदान चंदवाजी से शुरू हुई थी। इसके बाद यह रैली चंदवाजी, पीलवा, चांदावास, ताला गांव, राजपुरा, बाच्यावास, श्यामपुरा, ताला जोहड़ा, दंताला गुजरान, दंताला मीणा, बिलोद, टोड़ा होते हुए टोडेश्वर महादेव मंदिर में जाकर सम्पन्न होने का कार्यक्रम था। यह रैली रोशन लाल के नेतृत्व में निकाली जा रही थी।



जमवारामगढ़ के रायसर इलाके के ताला गांव में रैली निकलने के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इलाके में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। फिलहाल मौके पर शांति है।

दोपहर करीब तीन बजे रायसर थाना इलाके के ताला जोहड़ा के पास कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। रैली में मौजूद साधुराम जाट की ओर से रायसर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

## Bihar

# आरा में शराब माफिया का पुलिस टीम पर हमला, 6 घायल; अपराधियों को छुड़ाकर ले भागे

**आरा, (एजेंसी)** बिहार में शराब माफिया द्वारा पुलिस पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला भोजपुर जिले का है। जहां अगरसंडा लाल बाजार में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर जमकर रोड़ेबाजी की गई। घटना रविवार शाम की है। शराब माफिया ने पुलिस पर हमला कर उसके कब्जे से पकड़े गए अपराधियों को छुड़ा लिया। हमले में 6 पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर है।

जानकारी के मुताबिक धोबहां ओपी इलाके के अगरसंडा लाल बाजार में शराब माफिया ने पुलिस टीम पर रविवार शाम को हमला कर दिया। शराब तस्करी की छापेमारी की सूचना पर टीम इलाके में पहुंची थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और अपने साथ ले जाने लगी। तभी स्थानीय लोगों ने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया और पत्थर बरसाने लगे। इस दौरान पुलिस गाड़ी के शीशे टूट गए और हमलावर पकड़े गए चारों आरोपियों को भगा ले गए। हमले में 6 पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है, इसमें धोबहां ओपी के एसआई अनिल कुमार, सिपाही मुन्ना पासवान, शशि कुमार, चौकीदार घुरा यादव, उत्पाद विभाग के एसआई दिग्विजय सिंह और होमगार्ड जवान जयनारायण शामिल हैं।

## Jharkhand

# पश्चिम सिंहभूम जिले में माओवादी आम लोगों को बना रहे निशाना, आईईडी विस्फोट में बुजुर्ग महिला की मौत

**झारखण्ड, (एजेंसी)** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चिरियाबेड़ा टोला के पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में एक महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। साथ ही एक अन्य बुजुर्ग महिला घायल भी हो गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्फोट प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) द्वारा किया गया था।

जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मृतक गुरुबाड़ी तमसोय और चंदुकई तोमसोय दोनों अंजनबेड़ा गांव के चिरियाबेड़ा टोला की रहने वाली थीं। वे दोनों शनिवार शनिवार शाम पत्ते तोड़ने के लिए जंगल गए थे, तभी यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायल महिला चंदुकई का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, मृतक गुरुबाड़ी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## New Delhi

# दिल्ली से लखनऊतक फिर बारिश की उम्मीद! पूर्वोत्तर में भी बरसेंगे बादल, जानें आज का मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत में बीते सप्ताह हुई बारिश के चलते अधिकतम तापमान में कमी आई है. उत्तर प्रदेश, हरियाणा समेत दिल्ली-एनसीआर में मौसम सुहाना बना हुआ है. IMD के पूर्वानुमान के मुताबिक, आज (सोमवार), 27 मार्च को भी मौसम साफ रहेगा. हालांकि, 28-29 मार्च को एक बार फिर मौसम में बदलाव होने की संभावना है. मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिन पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में तेज गरज के बारिश देखी जा सकती है. वहीं, उत्तर



पश्चिम भारत में 29 मार्च से बारिश के आसार बनते नजर आ रहे हैं.

IMD के पूर्वानुमान के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में 27 मार्च को भी मौसम साफ रहेगा. वहीं, 30 मार्च से राजधानी में फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा. आज अधिकतम तापमान अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है. लखनऊ में अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है. यहां 31 मार्च से बारिश की स्थिति बनेगी.

## खेल

# वर्ल्ड बॉक्सिंग में निखत जरीन ने जीता लगातार दूसरा गोल्ड

### मैरीकॉम के बाद ऐसा करने वालीं दूसरी भारतीय, 75KG में लवलीना पहली बार चैंपियन बनीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत की स्टार बॉक्सर निखत जरीन ने दिल्ली में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लगातार दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। वे ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनी हैं। उनसे पहले मैरीकॉम यह कारनामा कर चुकी हैं।**

निखत के बाद टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने भी गोल्ड जीता। वे पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी हैं। लवलीना भारत की 8वीं वर्ल्ड चैंपियन हैं। यह इस चैंपियनशिप में भारत का चौथा गोल्ड है। लवलीना-निखत से पहले स्वीटी और नीतू ने गोल्ड जीते हैं। 50 KG वेट कैटेगरी में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरी 26 साल की निखत ने वियतनाम की दो बार की एशियन चैंपियन गुयेन थी ताम को 5-0 से हराया। वहीं, 75 किग्रा कैटेगरी में लवलीना बोरगोहेन ने ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज केटलीन पार्कर को 5-2 से हराया।



## सिनेमा

# मौत से चंद घंटे पहले इंस्टा पर लाइव आई थीं आकांक्षा दुबे? एक्ट्रेस का रोते हुए वीडियो वायरल



भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने लगा है। वीडियो में एक्ट्रेस को अपने मुंह पर हाथ रखे देखा जा सकता है। वीडियो को शेयर करते हुए फैंस यह दावा कर रहे हैं कि सुसाइड से कुछ घंटे पहले आकांक्षा दुबे इंस्टा पर लाइव आई थीं और वह इस लाइव वीडियो में रोती नजर आई थीं।

दावा किया जा रहा है कि आकांक्षा दुबे किसी वजह से बहुत टूट गई थीं और भावनात्मक रूप से इतनी कमजोर हो चुकी थीं कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। आकांक्षा दुबे की मौत की खबर भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के साथ उनका एक वीडियो रिलीज होने के बाद आई है। आकांक्षा दुबे के इमोशनल ब्रेकडाउन की वजह और अन्य तमाम सवालों के जवाब पुलिस लगातार तलाश रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आकांक्षा साल 2018 से ही डिप्रेशन में थीं। उन्होंने बीच में प्रोफेशनल ब्रेक भी लिया था। हालांकि कुछ साल बाद जब उन्होंने खुद को ठीक पाया तो वह इंडस्ट्री में वापस आ गईं। उन्होंने यह भी बताया था कि उनकी लाइफ के डार्क फेज में उनकी मां ने उनकी बहुत मदद की थी। आकांक्षा के करियर का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा था और वह काफी पॉपुलर हो गई थीं।

# फर्जी दस्तावेजों से हड़प ली जमीन

## एक अन्य मामले में नायब तहसीलदार पर प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। फर्जी दस्तावेजों ने बेशकीमती जमीन हड़पने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं एक अन्य मामले में महिला नायब तहसीलदार के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया।**

पहले मामले में कनाडिय़ा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की खुडैल थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जी कागजात बनाकर हड़पने का मामला सामने आया है । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी छगनलाल पिता बद्री लाल निवासी चौहान खेड़ी कनाडिया की रिपोर्ट पर आरोपी अफरोज बी मकसूद अली इरशाद अली अमजद अली इरफान सभी निवासी खिजराबाद कॉलोनी खजराना और उमराव सिंह निवासी चौहान खेड़ी के खिलाफ धारा 420 467 468 और 120 बी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी छगनलाल शर्मा की ग्राम चौहान खेड़ी खुडैल में बेशकीमती भूमि है जिसके फर्जी दस्तावेज एवं कोर्ट रचनाकार आरोपियों ने अपने नाम करवा लिए यह जानकारी फरियादी छगनलाल शर्मा को लगी तो उसने 26 मार्च को शिकायत दर्ज कराई जिसकी जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस का कहना है कि जांच के बाद केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्त में लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार सिमरोल पुलिस ने महिला नायब तहसीलदार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दरअसल जमीन खरीदी के मामले में एक आदेश दिया गया था। इसके संबंध में फरियादी ने तहसीलदार के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद केस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार फरियादी अरविंद मिश्रा 47 साल निवासी स्कीम नंबर 78 की रिपोर्ट पर सिमरोल थाना अंतर्गत टप्पा की तत्कालीन नायब तहसीलदार राधा महंत के खिलाफ सिमरोल पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी अरविंद मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उसने ग्राम चिकली में किसान सुखलाल से जमीन खरीदी थी लेकिन राधा महंत ने षडयंत्र पूर्वक सुखलाल की जाति में धोखाधड़ी पूर्वक फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज के आधार पर अवैध लाभ अर्जित किया।

# विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ने लगाए अनूठे पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त के विरोध में कांग्रेस लगातार इंदौर में अलग अलग तरीकों से प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जहां कई जगह इसके विरोध में पोस्टर लगाए है वहीं कांग्रेस रीगल तिराहे पर प्रदर्शन भी करने जा रही है।

सोमवार सुबह शहर कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पोस्टर लगा कर अपना विरोध जताया। शहर कांग्रेस प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल,सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गिरीश जोशी ने बताया राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से 2 साल की सजा सुनाई, 1 माह का समय भी दिया। मगर भाजपा ने ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए दिए गए 1 महीने के समय को भी दर किनार करते अडानी मुद्दे को उठाने पर प्रधानमंत्री जी की नाराजी के चलते उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। इसके विरोध में आज शहर में रीगल,राजवाड़ा,छावनी में कांग्रेस ने लगाए अनोखे पोस्टर लगाए, जिसमें अडानी को अलादीन बताया ओर भाजपा को चिराग का जिन्न। पोस्टर पर लिखा है कि अडानी चिराग से निकले जिन्न जो की भाजपा सरकार है,उसे कह रहे है,जाओ राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दो,भाजपा रूपी जिन्न कहता है,जो हुकुम मेरे आका।

## महिला से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला का मनचले ने रास्ता रोका और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकाते हुए भाग निकला। खुड़ैल पुलिस को 36 वर्षीय महिला ने साहिल नामक मनचले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कल जब वह अकेली जा रही थी, तभी आरोपी ने रास्ता रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध किया तो धमकाने लगा। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम पुलिस ने फरियादी रवि पिता राजाराम खटीक नगीन नगर की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश मॉडल और विक्की कोटे निवासी नगीन नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात डिवाइन स्कूल के पास हुई। आरोपियों ने उसे गालियां देकर अपने पास बुलाया और नशा करने के लिए 500 रुपए की मांग की। नहीं देने पर मारपीट की। उसे गाल पर चाकू मार दिया और ईंट से सिर में हमला कर दिया। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# अवैध रूप से भांग विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले में मादक पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय और भण्डारण तथा परिवहन के विरूद्ध कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी के निर्देश पर प्रभावी कार्यवाही आबकारी विभाग के अमले द्वारा की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री राजीव मुदगल एवं उडन दस्ता प्रभारी श्री अनिल माथुर के मार्गदर्शन में वृत्त भोई मोहल्ला के अंतर्गत भाँग-भाँग घोटा दुकान मोरसली गली पर कार्यवाही की गयी। इस दुकान से 610 किलो भाँग पत्ति एवं 5 किलो गीली भाँग जप्त की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान दुकान पर तत्समय दुकान पर उपस्थित् कर्मचारी द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। तद्नुसार विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी, शिक्षक पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पीएससी छात्रा शैलीसिंह की आत्महत्या में भंवरकुआं पुलिस ने सीएससी कोचिंग सेंटर के शिक्षक अमन अग्रवाल के खिलाफ खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अमन शैलीसिंह को परेशान करता था।उसने स्वजन को भी इस संबंध में शिकायत की थी। छात्रा ने आत्महत्या के पूर्व मोबाइल का संपूर्ण डेटा डिलीट कर दिया था।**

भंवरकुआं टीआइ शशिकांत चौरसिया से मिली जानकारी के अनुसार गणोखर जिला पन्ना निवासी 21 वर्षीय शैली पुत्र ब्रजकिशोर सिंह राजपूत कृष्णोदय नगर(खंडवा रोड) पर किराये से रह कर पीएससी की तैयारी कर रही थी। वह सीएससी कोचिंग सेंटर(भंवरकुआं) में पढ़ाई करने जाती थी।

चाचा जगदीशसिंह ने बताया कि शैली को अमन परेशान करता था। कोचिंग सेंटर में वह बदनाम कर रहा था। उसने इस बारे में कुछ दिनों पूर्व मां को भी घटना बताई थी। परेशान होकर शैली ने शनिवार को दुपट्टे से फांसी लगा ली। रविवार को स्वजनों के बयान के आधार पर अमन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# विहिप नेता को सर तन से जुदा करने की धमकी

● कार के वाइपर पर हरे रंग के लिफाफे में लेटर छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विहिप के धर्म प्रसार के प्रांत संयोजक संतोष शर्मा को सर तन से जुदा करने की धमकी मिली है। शनिवार रात तिलक नगर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज की गई है। बता दें, बीते हफ्ते हाईकोर्ट वकील पर तीन लोगों ने हमला कर दिया था, उन्हें आरोपियों ने सर तन से जुदा करने की भी धमकी दी थी। घटना शुक्रवार शाम को मूसाखेड़ी इलाके की है। संतोष शर्मा ने शुक्रवार को ही एक शिकायती आवेदन पुलिस को दे दिया था। शिकायत मिलने के एक दिन बाद तिलक नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक गोकुल रेसिडेंसी में रहने वाले संतोष शर्मा की इनोवा कार के वाइपर पर हरे रंग का लिफाफा रखा था। संतोष ने जब लिफाफा खोला तो उसमें एक लेटर था। लेटर में वर्ग विशेष के खिलाफ किए जा रहे कामों से हटने के लिए धमकी थी। लेटर में लिखा था- तुम काफीर हो। अगर कहना नहीं माना तो सर तन से जुदा कर दिया जाएगा।

# लूट में दो नाबालिग पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के कोयला बाखल इलाके में गत दिनों जूता व्यापारी कपिल से चाकू की नोक पर करीब सवा लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने दो दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से धारदार चाकू और नकदी भी बरामद कर लिया गया है। इनसे पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि पंढरीनाथ क्षेत्र के गुरुद्वारे के पीछे गली कोयला बाखल में 22 मार्च को व्यापारी के हाथो से 1 लाख 30 हजार रुपए से भरा बैग लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू एवं नगदी बरामद करने के लिए पंढरीनाथ पुलिस द्वारा की जा रही है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।